# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीतिअपार्टमेंट ,आई.पी.एक्सटेंशन,

पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२६

| कक्षा:-7 | विषय: हिंदी कहानीसंचय | पाठ:2 |
| --- | --- | --- |

कहानी संचय (पाठ 2)

प्रश्न/ उत्तर

1. छोटा जादूगर लेखक से पहली बार कहाँ मिला ?

उत्तर- छोटा जादूगर लेखक से पहली बार कार्निवल के मैदान में मिला।

2. छोटा जादूगर दूसरी बार लेखक से कहाँ मिला ?

उत्तर- छोटा जादूगर दूसरी बार लेखक से कलकत्ता के सुंदर बॉटेनिकल उद्यान में मिला।

3. लड़के ने लेखक को कार्निवल के मैदान में आने का क्या कारण बताया ?

उत्तर- लड़के ने लेखक को कार्निवल के मैदान में आने का कारण बताते हुए कहा कि वह यहाँ तमाशा देखने नहीं, बल्कि दिखाने के लिए आया है ताकि यहाँ से कुछ पैसे कमाकर अपनी बीमार माँ के लिए भोजन का प्रबंध कर सके।

4. बालक अपने परिवार की ज़िम्मेदारी क्यों और कैसे उठा रहा था ?

उत्तर - बालक के पिता देश की स्वतंत्रता की खातिर जेल में थे और उसकी माँ बहुत बीमार थीं। अपना व अपनी बीमार माँ का पेट भरने के लिए वह जादू का खेल दिखाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रहा था।

5. छोटे जादूगर के किन-किन गुणों ने तुम्हें प्रभावित किया ?

**उत्तरः छोटा जादूगर दुःख और पीड़ा की अवस्था में भी धीरज धरे हुए था। वह अपनी बीमार माँ की दवाई के लिए खेल दिखाता है। वह किसी के सामने हाथ नहीं फैलाता है। उसे परिश्रम करने में विश्वास है। वह बोलचाल में चतुर तथा साहसी बालक है।**